हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025



## छह को आएंगे पर्यवेक्षक सपरा, पांच दिनों में छह विधानसभाओं का दौरा कर बनाएंगे नए अध्यक्ष के लिए पैनल, दावेदार सक्रिय!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्षों का चयन करने एआईसीसी के पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा छह अक्टूबर से अविभाजित जिले के दौरे में रहेंगे। पांच दिनों के भीतर छह विधानसभाओं का दौरा के दौरान जिलों में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पीसीसी के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर पैनल तैयार करेंगे। पैनल में से एक नाम एआईसीसी द्वारा तय कर जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कांग्रेस के 41 संगठन जिले हैं। जिनमें से 11 में छह माह पहले अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है। 30 जिलों में नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा, जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर निष्क्रिय लोगों को हटाया जा सकता है। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा।

**खास बातें**

- राजनांदगांव के साथ खैरागढ़ व मोहला-मानपुर-जिले में भी नए अध्यक्ष के लिए रायशुमारी करेंगे पर्यवेक्षक सपरा



### सक्रिय लोगों को मौका

पर्यवेक्षक आएंगे और दावेदारों की रिपोर्ट जुटाएंगे, फिर 3 से 6 नामों का पैनल तैयार करके ले जाएंगे। पर्यवेक्षकों के पैनल को फिर हाईकमान अपने स्तर पर क्रॉस चेक कराएगा। ऐसे में अब सिफारिश कराने वालों की ज्यादा नहीं चलेगी। हालांकि प्रभारी और पीसीसी अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी जाएगी। मौजूदा समय में जो जिला अध्यक्ष निष्क्रिय है, उनके लिए पद बचाना मुश्किल होगा। पर्यवेक्षक ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। वहां से नाम लेकर अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के साथ बैठक की पूरी सूची तैयार करेंगे।

### एआईसीसी पर्यवेक्षक सपरा का यह रहा दौरा

राजनांदगांव सहित खैरागढ़ एवं मोहला-मानपुर जिले के पर्यवेक्षक चरण सिंह सपरा पांच अक्टूबर की शाम को राजनांदगांव पहुंचेंगे। वे छह अक्टूबर को दिनभर राजनांदगांव शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे सात अक्टूबर को मोहला-मानपुर विधानसभा के दौरे में रहेंगे। इस दिन ही राजनांदगांव के डोंगरगांव विस के कांग्रेसियों से भी मिलेंगे। आठ अक्टूबर को खैरागढ़ जिले की विधानसभा सीट के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 9 अक्टूबर को राजनांदगांव की डोंगरगढ़, खुज्जी विधानसभा के कांग्रेसियों से नए अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी करेंगे। वहीं अंतिम दिन दस अक्टूबर को पर्यवेक्षक सपरा राजनांदगांव में बार एसोसिएशन, प्रेस क्लब सदस्य, कांग्रेस के सीनियर लीडरों से मिलेंगे।

## कमजोर पड़ा सिस्टम, बारिश की गतिविधियों में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंचल में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश की गतिविधियों में कमी आते नजर आ रही है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कमजोर होने से अंचल में अब बारिश की संभावना में भारी कमी आ गई है।

हालांकि मानसून की विदाई में अब भी समय है। मौसम विभाग के अनुसार एक अवदाब अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके शुरूआती दौर में उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अंदरुनी उड़ीसा और उसके बाद उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए उत्तर छत्तीसगढ़ के उपर पहुंचने के बाद, इसके लगातार कमजोर होकर एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है। एक द्रोणिका अंदरुनी उड़ीसा के उपल स्थित अवदाब तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 4 अक्टूबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है।

भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। चार अक्टूबर के बाद वर्षा की गतिविधि में लगातार कमी होने की संभावना है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

BMC बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाउस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW






## खबर संक्षेप

### परमालकसा में 6 को दशहरा पर्व

**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में दशहरा का आयोजन आगामी छह अक्टूबर को रखा गया। लीला के पश्चात छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच मया के डोरी काचरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### तीर्थयात्रियों का दल अयोध्या रवाना



**छुरिया।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए 17 तीर्थयात्रियों को जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री सिन्हा ने तीर्थयात्रियों से चर्चा करते हुए बताया कि अयोध्या दर्शन करने का अवसर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संभव हो पाया है। तीर्थयात्रियों ने रवाना होते हुए इसके लिए साय सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धन्ना यादव, टीकम साहू, प्रेमानंद रामटेके पंचायत इंस्पेक्टर सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रतिमा विसर्जित



**तुमड़ीबोड़।** मचानपार में सेवा भजन के साथ माता को गली भ्रमण कराते तालाब में विसर्जित किया गया।

### शिशु मंदिर के दिव्यांशी और नितिन चयनित





**अर्जुनी।** क्षेत्रीय अंडर 14 एथलेटिक्स एवं क्षेत्रीय विज्ञान प्रयोग के लिए स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की दिव्यांशी देवराज पिता रामकुमार देवराज और नितिन साहू पिता गीतेश्वर साहू का चयन हुआ है। उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंधन शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ हंसराज सोनकर, व्यवस्थापक अलख राम साहू, प्रधानाचार्य डामन जोशी, खेल प्रभारी तोरण सोनकर, अर्चना यदु आदि ने बधाई दी है।

### वरिष्ठ नागरिक घर की शान : नलिनी



**डोंगरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग ने साड़ी, कुर्ता पजामा प्रदान किया। सरपंच कविता धुर्वे मुख्य अतिथि थी। अध्यक्षता वृद्धाश्रम की संचालिका नलिनी मेश्राम ने की। विरिष्ट अतिथि एसजी मेश्राम थे। इस मौके पर नलिनी मेश्राम ने वरिष्ठ नागरिकों को घर की शान व अनुभव का खजाना बताया। मुख्य अतिथि कविता धुर्वे ने वरिष्ठ नागरिकों को परिवार की धरोहर बताया। अंत में मंजू धनकर ने आभार व्यक्त किया। नर्स माहेश्वरी ने संचालन किया।

## विभिन्न स्थानों पर निकाली राम की भव्य शोभायात्रा

# सत्य की जीत के पर्व विजयादशमी पर बिखरी खुशियां, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





शहर में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी के साथ बुराई के प्रतीक रावण पुतले का दहन किया गया। दशहरा उत्सव समिति ने स्कूल ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित किया। इससे पहले स्थानीय नरसिंग मंदिर से भगवान श्रीराम का डोला नगर भ्रमण करते हुए स्कूल ग्राउंड पहुंचा। रावण दहन के पूर्व विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विष्णु लोधी, आयोजन समिति के पदाधिकारीयों ने भगवना राम के डोले की पूजा किया। रामलीला का मंचन मानस मंडली भंडारपुर और पलांदुर की राउत नाचा पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। भव्य आतिशबाजी के साथ 21 फुट रावण का दहन कर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। श्री राम का विजय जूलूस शहर में निकाला गया जिसमें समिति के प्रमुख रघुवरप्रसाद अग्रवाल, मनोज भंडारी, पूनम अग्रवाल, कन्हैया गुरूजी, किशन अग्रवाल, अक्षय भंडारी, अमर बिंदल, मनमोहन अग्रवाल, संतोष टेमरे, गोपाल शर्मा, गणेश नरेडी, हरिश भंडारी सहित अन्य शामिल थे।



इंदिरा नगर वार्ड 5 में रावण दहन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में वार्डवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी नव युवकों ने भी सहयोग दिया। वार्ड के राहुल मोटघरे ने रावण बनाने का खर्च वहन किया।

### आतिशबाजी ने लोगों को लुभाया



**खडगांव।** ग्राम में आतिशबाज़ी के साथ दशहरा मनाया गया। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, तिलक साहू ने रामलीला मंडली के कलाकारों को ग्रीन वैली स्कूल में तैयार करवाया। रामलीला मंडली के कलाकार गांव का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचे जहां रावण वध किया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक आतिशबाजी का नजारा लोगों को देखने मिला। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता ने सभी कलाकारों को सुविधा उपलब्ध कराया। वहीं संघ के तिलक साहू ने भरपूर पटाखे दिए थे। ग्राम के तिरंगा चौक में बच्चों ने उल्लास के साथ दशहरा मनाया। तिरंगा चौक पर छोटे छोटे बच्चों ने लगभग आठ फिट का रावण पुतला बनाया था। बच्चों ने रावण दहन करते हुए दशहरा पर्व मनाया गया। इस चौक में पहली बार बच्चों ने रावण दहन किया था। रावण पुतला बनने वालों में नितिन मंडावी, निखिल मंडावी, प्रियांशु मंडावी, हर्ष धुर्वे, कुणाल धुर्वे, खिलेश साहू, सूर्यकांत धुर्वे शामिल थे। रावण दहन के पूर्व बच्चों द्वारा आतिशबाजी भी किया। रावण दहन के पश्चात बच्चों ने मोहल्ले में चाकलेट वितरित किया।

### स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

**खुज्जी।** अंचल में शारदीय नवरात्रि श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इसी कड़ी में 2 अक्टूबर को ग्राम में गांधी जयंती एवं दशहरा का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर संदीप ऑटो पार्ट्स के संचालक संदीप घोड़ेसवार ने स्वच्छता दीदियों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच अजय पंसारी ने इस पहल के लिए श्री घोड़ेसवार का आभार व्यक्त किया। रात्रि में ग्राम के युवाओं ने रामलीला के मंचन बाद पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, जनपद सदस्य रवि साहू, सरपंच अजय पंसारी ने रावण दहन किया।



# जस गीतों के साथ माता रानी का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

ग्राम के जस जंवारा के साथ शुक्रवार को माता रानी का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान ग्राम की सभी दुकानें बंद रही। सुबह से दोपहर तक क्षेत्र की महिलाओं ने मातारानी को श्रीफल भेंट करते हुए चरण वंदन किया।

श्रद्धा के साथ मातारानी को बिदाई दी गई। दोपहर 1 बजे डीजे साउंड सिस्टम, रंग गुलाल और आतिशबाजी के साथ मातारानी की शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान जितेंद्र गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, तोमन साहू, तिलक साहू, लक्की गुप्ता, लक्ष्मण सोनकर, भीखम रावटे, बब्बू देवांगन,चाहत तंबोली, संतोष पटवा, विजय जैन, सुनील देवांगन, सुभाष देवांगन, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे। व्यापारी संघ ने नौ दिनों तक एक बढ़कर एक आयोजन किया जिसकी पूरे क्षेत्र में जमकर चर्चा है। पुलिस विभाग ने हर आयोजन में भरपूर सहयोग दिया। व्यापारी संघ ने पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया है।

# दीक्षार्थी का संयम महोत्सव आज



**डोंगरगांव।** दीक्षार्थी भाविका बोहरा का संयम महोत्सव कल 4 अक्टूबर को स्थानीय मंडी परिसर में रखा गया है। भाविका आगामी 31 अक्टूबर को सांसारिक जीवन त्याग कर दीक्षा ग्रहण करेगी। यह आयोजन राजस्थान के गढ़ सिवाना में होगा।

उल्लेखनीय है कि नगर के प्रतिष्ठित अमरचंद किशोर बोहरा परिवार की बेटी भाविका (भक्ति) बोहरा ने संयम पथ पर चलने का संकल्प लिया है।

दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा, माता श्रद्धा बोहरा की आज्ञा के बाद वह आचार्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश मुनि म.सा. से दीक्षा ग्रहण करेगी। इसी कड़ी में कल 4 अक्टूबर को संयम महोत्सव का आयोजन रखा गया है। भाविका कल अपने भाइयों को आख़री बार राखी बांधेगी। सामाजिक जनों की मौजूदगी में क्षमापना कार्यक्रम भी होगा।

# भाजपा प्रवक्ता के बयान की निंदा, कार्रवाई की मांग



**छुरिया।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केरल भाजपा के प्रवक्ता पिंटू महादेव द्वारा की गई हिंसात्मक टिप्पणी का पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया है। उन्होंने थाना में ज्ञापन सौंपकर भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा है कि विपक्ष का काम जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाकर सरकार को आइना दिखाना है,किन्तु इससे भाजपा नेताओं को तकलीफ होती है और वह विपक्ष के नेताओ के खिलाफ हिंसात्मक टिप्पणी कर रहे है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता भाजपा नेताओं को रास नही आ रही है तभी इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता हिंसात्मक और भड़काऊ बयानबाज़ी कर देश में तनाव पूर्ण स्थिति पैदा कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, एकनाथ सिन्हा, कन्हैया कोले, सोनू खान, सुनील लारोकर, प्रदीप पटेल, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र साहू, राधेश्याम ठाकुर, धर्मेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।

### उद्यान में पौधरोपण

**डोंगरगांव।** सेवा पखवाड़ा के तहत बम्लेश्वरी उद्यान को हरा भरा बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकिशन महेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, अरुण जैन, पूर्व पार्षद सिद्दीकी बड़गुजर, प्रफुल्ल जैन राजा, कोमल साहू, सीएमओ विनम्र आदि मौजूद थे।

# गांधी-शास्त्री को लोगों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस परिवार ने विधायक निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं नवाज खान ने गांधी- शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान विधायक श्रीमती बघेल, नवाज़ खान और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह ने संबोधित किया। संगोष्ठी के बाद कांग्रेस ने गोल बाजार स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, रूपचंद खोब्रागड़े, रिम्मी भाटिया, प्रकाश महानदी, कृष्णा गुप्ता, दशरथ ठाकुर, निधि गजभिए, सारिका बडोले, गजेंद्र साहू, प्रशांत, शेखर बोरकर, कुणाल, पायल, सुरेन्द्र अंबादे, अकील कुरैशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रद्धा सुमन किया अर्पित



**डोंगरगढ़।** घोटिया में गांधी- शास्त्री जयंती मनाया गया। पूजा अर्चना कर उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, नरोत्तम नेटी, बल्लूराम, प्रताप, मदन, डेरहू सोरी, संतराम, भीखम, बरातू, कुशल शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

## सेवा पखवाड़ा का समापन

# घोटिया में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत घोटिया में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर, सास बहू सम्मेलन, किशोरी बालिका सम्मेलन, पालक चौपाल, कुपोषण मुक्त ग्राम, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य एवं आदि कर्मयोगी गांव के संदर्भ में जानकारी दी गई। किशोरी बालिकाओं एवं मातृशक्ति के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं शिक्षा को आधार बनाकर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से स्वावलंबी जीवन पर चर्चा की गई। डीपीएम संदीप ताम्रकार के मार्गदर्शन में मितानिन कार्यक्रम के जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव के समन्वय से यह आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीरजबाई छेदैया थीा।

अध्यक्षता सरपंच संजय उइके ने की। विशिष्ट अतिथि रामकुमारी मंडावी, रेखराम यादव, सुखराम मंडावी, शिवप्रसाद मंडावी, सुखदेव यादव, ललित मंडावी, फगवा राम, तेजराम छेदैया थे।

### स्वास्थ्य की दी जानकारियां

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुचिता श्रीवास्तव, बिंदुबाई, लीलाबाई, अहिल्याबाई, अंजोरी राम उइके, ज्योति कागज, मुक्ता कुजुर, अनिता ध्रुवे आदि ने ग्रामीण महिलाओं को उपयोगी जानकारी दी। संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया। शिविर में डॉ मयंक जैन, डॉ जयकिशन महोबिया, वंदना चंदनिया, राहुल सोनकर, जयेश चावड़ा, निलेश चावड़ा, सुदेश टेंबुरकर, मुकेश, अग्रसेन वर्मा, वर्षा साहू, राजेश्वरी साहू, नीलिमा लाल, दीपक शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

### रोगियों की जांच

इस दौरान 356 लोगों का बीपी, शुगर, नेत्र आदि की जांच कर उचित परामर्श दिया गया जिसमें बीपी के 200, शुगर के 170, मोतियाबिंद के 39 मरीज शामिल थे। बालिकाओं को 100 सेनेटरी पैड एवं प्रत्येक घर में एक-एक मच्छरदानी देने का निर्णय लिया गया।

# नगर निगम के उप निरीक्षक गणितराम सेवानिवृत्त



**राजनांदगांव।** नगर निगम राजनांदगांव में राजस्व विभाग में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत गणितराम ठाकुर सेवानिवृत्त हो गए। वे निगम में 33 साल सेवा दी। गणितराम के सम्मान में जिला साहू सदन में समाज के लोगों द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी गई। इस मौके पर शाल व श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व डीआईजी आरएस नायक भंवरमरा, मीडिल स्कूल के प्रधान पाठक महेश्वर प्रसाद साहू ने अपने विचार व्यक्त करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रकाश साहू, रविन्द्र ठाकुर, तेजराम ठाकुर, यूएस ठाकुर के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### देवी प्रतिमाएं विसर्जित

**सड़क अतरिया।** शारदीय नवरात्रि में स्थापित दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन गांवों में शोभायात्रा निकाल कर किया गया। पारंपरिक वाद्ययंत्र, डीजे की धुन पर माता के भक्त थिरकते एवं जयकारा लगाते हुए प्रतिमा विसर्जन किया। अष्टमी हवन के पश्चात प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था जो तीसरे दिन भी जारी रहा।

### धूमधाम के साथ दुर्गा विसर्जन



**गंडई पंडरिया।** 9 दिन दुर्गोत्सव और 10 वे दिन दशहरे के बाद गंडई में 11 वे दिन दुर्गा पंडाल से माता की झांकियां नगर में निकाली गई। डीजे और धुमाल की धुन में भक्त लगातार थिरकते रहे। पंडरिया से गंडई के तिरंगा चौक तक पूरा भक्ति भरा माहौल रहा। कुछ दुर्गा पंडाल से माता की मूर्ति के साथ राक्षस और देवी देवताओ के पोशाक में सजी झांकी निकाली गई जो लोगों के लिए मनोरंजन का केंद्र रही। बता दे कि सुबह से शाम तक सभी पंडालों से माता की झांकी निकाली गई। अंत मे नजदीकी नदी, तालाब एवं पैलीमेटा बांध में मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया गया।

### आईटीआई डोंगरगांव में कार्यक्रमों का आयोजन



**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगांव परिसर में साफ-सफाई, पौधरोपण, विकसित भारत विषय पर मेकिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संस्था के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों एवं वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों जॉब अपार्चुनिटी, कैरियर एवं साक्षात्कार सहित अन्य विषयों पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य व अन्य स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## निधन

### सुरेन्द्रपाल कक्कड़



**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा निवासी सुरेंद्रपाल सिंह कक्कड़ का निधन हो गया। वह कुलवंत सिंह कक्कड़ के भाई, रमन कक्कड़ के पिता और प्रिंस कक्कड़ के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सिख समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### तोरणसिंह भरतद्वाज



**डोंगरगढ़।** गुमानपुर निवासी तोरणसिंह भरतद्वाज का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

---

### पशु चिकित्सालय विभाग के जिम्मेदार गायब, दफ्तर खाली

# घायल गाय को नहीं मिला उपचार, चाय-बिस्किट बांटकर गो-सेवकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर घायल गोवंश का पशु चिकित्सा विभाग द्वारा इलाज नहीं किए जाने के मामले से नाराज गो-सेवकों ने आज पशु विभाग कार्यालय पहुंचकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। अपने कार्य में कोताही बरतने को लेकर विभागीय लोगों के प्रति नाराजगी जाहिर की और उन्हें फुर्सत से बैठकर चाय-बिस्किट का आनंद लेने चाय-बिस्किट वितरण किया।

दोपहर लगभग 2.30 बजे गो-सेवक जब पशु विभाग कार्यालय पहुंचे तो यहां दो-तीन कर्मचारी ही थे। बाकी सभी कुर्सियां खाली थी। पूछे जाने पर सभी का लंच में जाना बताया गया। गो-सेवकों ने लगभग आधे घंटे जिम्मेदार अधिकारियों का इंतजार किया, लेकिन कोई भी नहीं पहुंचा। उन्होंने मौजूद कर्मचारियों के अलावा खाली टेबल पर ही चाय और बिस्किट रखकर प्रदर्शन किया।

## गो-सेवकों ने विभाग में किया अनोखा प्रदर्शन

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गोवंश के उपचार को लेकर बरती जा रही उदासीनता के चलते गो-सेवकों ने चाय बिस्कट का वितरण कर विभागीय लोगों के फुर्सत में होने के बाद भी गोवंश का इलाज नहीं करने को लेकर नाराजगी जाहिर की और भविष्य में इसी तरह का रवैया अपनाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान गो-सेवक ऋषि शास्त्री, महेंद्र जंघेल, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



#### सूचना पर नहीं मिलता इलाज

गो-सेवकों ने बताया कि चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। जिसमें गो-सेवकों को भी जोड़ा गया है। इस ग्रुप में भी मवेशियों के घायल होने पर उनके इलाज के लिए सूचना डाली जाती है तो भी गोवंश को उपचार नहीं मिल पाता है। कोई भी चिकित्सक घायल गाय के इलाज के लिए जवाब नहीं देता है।

#### दुर्ग ले जाकर कराया इलाज

गो-सेवक हरीश भानुशाली ने बताया कि आज सुबह एक गाय सड़क हादसे में घायल हो गई थी। जिसका पेट फट गया था। गाय को तत्काल इलाज की जरूरत थी। सूचना मिलने पर गो-सेवक मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन कोई भी चिकित्सक इलाज के लिए उपलब्ध नहीं हुए। पशु विभाग को बताने पर भी गाय को उपचार नहीं मिला तो गो-सेवक स्वयं के खर्चे पर गाय को दुर्ग ले गए, जहां गाय का उपचार कराकर 18-20 टांके लगवाए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, अक्सर सड़क पर घायल गाय को उपचार नहीं मिल पाता है।

## खैरा नवापारा में सीसी रोड़ का भूमिपूजन



**सड़क अतरिया।** सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिवस भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार के आतिथ्य में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने तालाब, सड़क एवं मंदिर के आसपास सफाई किया। पूर्व विधायक श्री जंघेल के आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री ताम्रकार की अध्यक्षता में गंड़ई छुईखदान मार्ग से नवापारा मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर तीरथ चंदेल, राकेश ताम्रकार, निजाम सिंह मंडावी, नेतराम जंघेल, प्रकाश जंघेल, संजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, टुम्मन साहू , मनोज अग्रवाल, खेलन वर्मा, दूजे वर्मा, अनुज साहू, डोमार भेड़िया, रमेश जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, डॉ झा, प्रकाश वर्मा, टकेंद्र नायक, रघुनंदन जंघेल, रतन जंघेल, दिवाकर सोनी, गोलू प्रकाश वर्मा, बल्ला जंघेल, दूर्गेश जंघेल, अनुज साहू, पी आर जंघेल, चंचल मानिकपुरी, उमाशंकर किशुन मिर्चे,बेदराम मिचे, जीतम धनकर, बिसबर पटेल गौतम, मेरावी. डिलेवर पटेल, केशव साहू, कुमार पाल, संतन साहू, तुलसी यादव, भुनेश्वर सेन, जानी मसखरे, डेरालाल, मसखरे, मुकचंद नायक सहित अन्य मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया कोमल का जन्मदिन



**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने गुरूवार को अपना जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। उन्होंने सर्वप्रथम सिद्ध बाबा मंदिर, लोधेश्वर मंदिर एवं नर्मदा मंदिर में पूजा अर्चना किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पण कर नमन किया। श्री जंघेल के जन्म दिवस पर सुबह से भाजपा कार्यकर्ता उन्हे बधाई देने निवास पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने खैरा नवापारा में य कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिन उल्लास से मनाया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, टीके चंदेल, राकेश ताम्रकार, निजामसिंह मंडावी, नेतराम जंघेल, प्रकाश जंघेल, संजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, टुम्मन साहू , मनोज अग्रवाल, खेलन वर्मा, दूजे वर्मा, अनुज साहू, डोमार भेड़िया, रमेश जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, डॉ झा, प्रकाश वर्मा, टकेंद्र नायक, रघुनंदन जंघेल, रतन जंघेल, दिवाकर सोनी, गोलू प्रकाश वर्मा, बल्ला जंघेल, दूगेंश जंघेल, अनुज साहू, पी आर जंघेल, चंचल मानिकपुरी, उमाशंकर किशुन मिर्चे,बेदराम मिचे, जीतम धनकर, बिसबर पटेल गौतम, मेरावी. डिलेवर पटेल, केशव साहू, कुमार पाल, संतन साइ, तुलसी यादव, भुनेश्वर सेन, जानी मसखरे, डेरालाल, मसखरे, मुकचंद नायक, बल्लू जंघेल, अशोक साहू, देवलाल साहू, अवधेश मिश्रा, बालकृष्ण जंघेल, अमरसिंग मेरावी, किसुन पोर्ते, पद्मावती सरपंच, गीतम जंघेल, लाल चंद पटेल, बिरम्भर पटेल, गैंदा जंघेल, दिलेश्वर, आंचित, टाकेन्द्र, नायक, तुकाराम साहू. बिरेन्द्र जंघेल, जगेन्द्र जंघेल, केशव जंघेल, रामअवतार जंघेल, अवध जंघेल, राकेश जंघेल आदि शामिल हुए।

## महाराष्ट्र से शराब मंगाने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पूर्व में एक आरोपी की हो चुकी गिरफ्तारी

अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु महाराष्ट्र निर्मित शराब को मंगवाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इस मामले में पूर्व में ट्रेन से शराब तस्करी करने के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 अगस्त को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब को 2 काले रंग के बैग में भरकर साल्हेकसा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ ला रहे हैं।



#### आरोपी से 230 पौवा शराब हुआ था बरामद

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्रवाई करते पुराना रेलवे फाटक के आगे मेला ग्राउंड के सामने घेराबंदी कर आरोपी राहुल नंदेश्वर 22 साल निवासी दंतेश्वरी पारा को पकड़कर आरोपी से दो बैग में रखे प्लास्टिक पौवा 90 एमएल वाला कुल 230 नग पौवा कीमती 9200 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को 19 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में जेल भेजा गया है।

#### घेराबंदी कर शराब मंगवाने वाले को पकड़ा

पुलिस के अनुसार प्रकरण के विवेचना दौरान राहुल नंदेश्वर से पूछताछ करने पर पता चला था कि महाराष्ट्र से शराब को रॉकी जामुलकर 31 साल निवासी दंतेश्वरीपारा के लिए लेकर आता था। जिसके बदले 200-300 रुपए देता था, जिस पर आरोपी रॉकी जामुलकर का घटना दिनांक के बाद से लगातार पता-तलाश किया जा रहा था। आरोपी अपने घर से फरार था। पुलिस के मुताबिक 3 अक्टूबर को आरोपी के घर आने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल आरोपी के घर के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी रॉकी जामुलकर द्वारा घटना के समय गिरफ्तार आरोपी राहुल नंदेश्वर को महाराष्ट्र से शराब अवैध बिक्री करने हेतु मंगवाना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध धारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## नवनियुक्त पदाधिकारी मिले विक्रांत से



**सड़क अतरिया।** नर्मदा भाजपा मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खैरागढ़ पहुँचकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर उत्साह जताया। श्री सिंह ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए पार्टी को मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने कहा। उन्होंने सभी बूथों में सामंजस्य स्थापित करने और मिलजुलकर संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। मुलाकात के दौरान जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चंदेल, नर्मदा मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकृष्ण जंघेल, अवधेश मिश्रा, अनुज साहू, शिव पटेल, देवलाल साहू, बल्लु जंघेल, अमरसिंह मंडावी, प्रेम लाल जंघेल, बलराम जंघेल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कॉलेज में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोह का आयोजन प्राचार्य निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने की।

रवि सिन्हा ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। वहीं शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया। आज के युवाओं के लिए उनका जीवन प्रेरणास्रोत है।



हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। मुख्य वक्ता समाजसेवी अमर लालवानी ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के जीवन मूल्यों और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते कहा कि सत्य, अहिंसा, सत्यनिष्ठा एवं सादगी जैसे गुण आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन एसआर कन्नौजे ने किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. आशानंद मखीजा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## नगर अध्यक्ष ने दशहरा पर्व पर किया रैनी वध



**गंडई पंडरिया।** दशहरा पर्व पर पुरानी परंपरा के अनुसार रैनी वध का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने रात्रि 8 बजे मिट्टी के बने रावण का तीर से नाभि पर वार कर रैनी वध किया। राजमहल पंडरिया से रथ पर सवार होकर निकले युवराज के साथ उनके सुपुत्र भी सवार थे। गाजे-बाजे के साथ रात्रि 8 बजे रावणभाठा में युवराज द्वारा रैनी वध किया गया और मां गंगई मंदिर में पूजा-अर्चना किया गया। उन्होंने जनता से मुलाकात किया और देर रात्रि तक राजमहल में पान बीड़ा का कार्यक्रम चलता रहा।

### रावण दहन और रंग-बिरंगी आतिशबाजी से गूंज उठा छुईखदान

# धूमधाम से निकाली राजा गिरिराज की शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा इस वर्ष भी छुईखदान में पारंपरिक और भव्य अंदाज़ में मनाया गया। फुटबॉल मैदान एक बार फिर ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बना, जब छुईखदान रियासत के राजा गिरिराज किशोर दास की शाही सवारी पूरे नगर में धूमधाम से निकली। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच नगरवासियों ने राजा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

#### मिट्टी के रावण का किया वध

हर वर्ष की परंपरा के अनुसार राजा गिरिराज किशोर दास अपने लवाजमे के साथ रावण भांठा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से मिट्टी से बने रावण का वध किया। उनके साथ बड़ी संख्या में नगरवासी और श्रद्धालु उपस्थित थे और पूरा क्षेत्र राममय हो गया।

#### राजा ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

राजा गिरिराज किशोर दास ने दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं।



#### रावण की मिट्टी जुटाने उमड़े लोग

रावण दहन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु उस स्थान से रावण की मिट्टी एकत्र करने पहुंचे। मान्यता है कि यह पवित्र मिट्टी घर में रखने से लक्ष्मी कृपा बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा होती है।

#### विशाल रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

फुटबॉल मैदान में विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रावण दहन के साथ ही आकाश रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा और वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सांस्कृतिक दल लोक रागिनी द्वारा प्रस्तुत लोकगीत, नृत्य नाट्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दशहरा के उत्सव में चार चाद लगा दिए।



## सार समाचार

### प्रचार में बीजेपार पहुंचे महात्यागी

**राजनांदगांव।** ग्राम बिजेपार में कौशल्या मंदिर के प्रचार में पधारे श्री बालक दासजी महात्यागी (पाटेश्वर धाम) से जिला पंचायत सभापति बिरमबाई मंडावी, महामंत्री रामकुमार मंडावी, उपाध्यक्ष कुमार साय साहू, एवं ग्रामीणों ने मुलाकात की।



### शराब तस्करी, भाजपा जिलाध्यक्ष का बयान विरोधाभासी

**राजनांदगांव।** महतारी एक्सप्रेस में शराब तस्करी का मामला सामने आने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने भाजपा जिलाध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते कहा कि पहले ही भाजपा सरकार महतारी के नाम पर घोटाला कर छत्तीसगढ़ महतारी के मान पर छोट की है, सनी लियोन को महतारी वंदन का पैसा दिया जा रहा है। महतारी सदन भ्रष्टाचार भेंट चढ़ चुके हैं। इसी कड़ी में महतारी एक्सप्रेस वाहन दूसरे राज्य की शराब तस्करी करते पकड़ी गई है, यह शर्मनाक है। इससे अब यह स्पष्ट है कि पूरी भाजपा भ्रष्ट है, इतना सब होने के बाद राजनांदगांव भाजपा के जिलाध्यक्ष कहते हैं कि महतारी एक्सप्रेस को बदनाम करने यह कांग्रेस की साजिश है और दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी। उनका यह बयान खुद में ही विरोधाभासी है। अगर षडयंत्र है तो कार्रवाई किस पर? महतारी एक्सप्रेस में शराब मिली यह सबने देखा तो क्या वह कांग्रेस ने रखवाई थी? आपकी नीयत अगर साफ थी तो आपने उपनिरीक्षक को शाबाशी देने के बजाए लाइन अटैच क्यों किया गया?



### 6 को भगवान सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक

**राजनांदगांव।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति विभिन्न धार्मिक उत्सवों को धूमधाम से मनाते आ रही है। इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर मंदिर में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक किए जाने की परंपरा है। वहीं मध्यरात्रि में अमृतयुक्त खीर का वितरण भक्तों को किया जाता है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नाथाभाई रायचा, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सह-सचिव रामावतार जोशी के अनुसार समिति द्वारा अनेक वर्षों से श्री सत्यनारायण भगवान के दुग्धाभिषेक की परंपरा प्रारंभ की गई है। शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को सुबह 9 से 10 बजे एक घंटे तक भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्ध अभिषेक कोई भी भक्त अपने घर से दूध लाकर स्वयं अपने हाथों से कर सकता है। मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी राजेश शर्मा, लक्ष्मण लोहिया, पवन लोहिया एवं श्याम खंडेलवाल ने जानकारी दी कि इस दिन खीर बनाकर छत पर रखने से वह खीर अमृतयुक्त हो जाती है। रात्रि 8.30 बजे से संस्कारधानी की सुप्रसिद्ध संस्था श्री हरि सत्संग भजन मंडल द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से भक्त एवं भगवान को रिझाया जाएगा। 6 अक्टूबर को रात्रि भजन संध्या के साथ मध्यरात्रि को भगवान की आरती पश्चात अमृतयुक्त खीर का वितरण किया जाएगा।



### युगांतर में गांधी व शास्त्री जयंती मनी

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा गांधी और शास्त्री के चित्रों में पुष्पांजलि की गई। प्राचार्य ने गांधी व शास्त्री के सिद्धांतों का उल्लेख करते बताया कि हम इनके सिद्धांत अपना लेते हैं तो हमारे जीवन में सुंदर तथा सकारात्मक परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इनके सत्य-अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। आज विश्व में शांति गांधी के सिद्धांत द्वारा ही स्थापित होगी। इसी तरह शास्त्री की सरल जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उनके द्वारा दिए गए नारे जय जवान-जय किसान से सारा जन मानस प्रभावित है। इस आयोजन की सफलता पर प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।



### सुंदरा में भव्य जगराता, समिति ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** ग्राम सुंदरा में दुर्गा अष्टमी अवसर पर भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगराता कार्यक्रम व भजन-कीर्तन आराधना बालिका जस परिवार कुंदरूपारा बालोद द्वारा सार्वजानिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में किया गया। इस बीच मातारानी के जसगीतों का समा बांधा। भक्तों ने जगराता कार्यक्रम का आनंद उठाया। सार्वजानिक दुर्गा उत्सव समिति अटल चौक सुंदरा ने शानदार प्रस्तुति के लिए कलाकारों को सम्मानित किया।



### जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 5 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, गिरधरलाल निषाद, टीकम निषाद, सुशीला निषाद, लोकेश निषाद, ईश्वर निषाद, छगनलाल निषाद, मौजीराम निषाद की उपस्थिति रहेगी। मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा।

### वार्डों में 4 से सामाजिक पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 29 सितंबर से 14 नवंबर तक सुबह 11.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 4 अक्टूबर को वार्ड नं. 6 व 10 के लिए शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन में, 6 अक्टूबर को वार्ड नं. 5 के लिए शीतला मंदिर चिखली एवं 7 अक्टूबर को वार्ड नं. 7 व 9 के लिए हॉस्पिटल परिसर शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### समिति साधक स्नेह सम्मेलन 5 को

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 5 अक्टूबर को मोहारा वार्ड नंबर 48 स्थित संत श्री आशारामजी बापू आश्रम में एक दिवसीय श्री योग वेदांत सेवा समिति साधक स्नेह सम्मेलन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि राजनांदगांव जोन के अंतर्गत आने वाली समस्त समिति डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, चौकी, मोहला, खैरागढ़ एवं गंडई के पदाधिकारी, बाल संस्कार, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल, ऋषि प्रसाद, लोक कल्याण सेतु सेवाधारियों के साथ क्षेत्र के समस्त साधक परिवार सहित एवं छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जोन के मुख्य सेवाधारी समिति सम्मेलन में शामिल होंगे।

---

### रामलीला के मंचन के बाद रावण का पुतला दहन

# शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दशहरा महोत्सव की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विजयादशमी पर्व के अवसर पर ग्रामीण सहित शहर के विभिन्न इलाकों में समितियों द्वारा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया। साथ ही राम लीला का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हुए आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया।

#### असीस के गीतों में झूमी संस्कारधानी

विजयादशमी अवसर पर जनमहोत्सव समिति द्वारा म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को दर्शकों की भीड़ ने यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सिंगर असीस कौर ने अपनी परफॉर्मेंस से संस्कारधानी के लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत असीस ने दिल चैन कहीं न आवे गाने से की। कार्यक्रम में देर रात तक दर्शक बॉलीवुड नाइट में असीस कौर के गानों पर झूमते रहे।



आकर्षक आतिशबाजी और भक्ति गीत के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रिमोट के जरिये 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के आयोजन की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी शिरकत की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने समिति के बैनर तले विगत 18 वर्षों से आयोजित किए जा रहे विजयादशमी महोत्सव कार्यक्रम को शहर व जिले की जनता से मिल रहे बेहतर प्रतिसाद के लिए जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

#### गौरीनगर में सम्मानित व्यक्तियों का सम्मान

गौरीनगर का मैदान इस विजयादशमी पर फिर एक बार कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द्र का गवाह बना। पार्षद व अधिवक्ता हफीज खान के नेतृत्व में आयोजित विजयादशमी उत्सव विशालकाय रावण का पुतला दहन कर किया गया। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में विकास और सामाजिक सहयोग में योगदान देने वाले सम्मानित व्यक्तियों को मंच पर सम्मानित किया गया। जिनमें सेवानिवृत्त गुरुजन रामानंद साहू, प्रधानपाठक नूरजहां खान, कविता रगड़े आदि का सम्मान किया गया।



#### भर्रेगांव में दशहरा की धूम



ग्राम भर्रेगांव में विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर ने बताया कि दशहरा आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। जिसमें गांव के ही कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला स्व. जवाहरलाल चंद्राकर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रामलीला का मंचन प्रतिदिन किया गया। रावण की भव्य पुतला गोलू पटेल द्वारा बनाया गया था। जनपद सदस्य चंद्राकर ने बताया कि गांव के शीतला मंदिर में नवरात्रि के दौरान प्रसादी वितरण, रावण पुतला दहन, रामलीला एवं मूर्ति विसर्जन माता के जस गीतों भजनों के साथ किया गया।

---

### विधायक प्रतिनिधि के रूप में रूपचंद की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शहर के ऊर्जा विभाग में विधायक प्रतिनिधि के रूप में रूपचंद भीमनानी की नियुक्ति का पत्र जारी किया है।



रूपचंद भीमनानी वर्षों से विद्युत विभाग की एचटी लाइन एवं विभिन्न समस्याओं के प्रति सजग होकर सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनकी सक्रियता को देखते डॉ. रमन सिंह ने उन्हें विधायक प्रतिनिधि के रूप में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिसका पत्र कलेक्टर द्वारा जारी किया गया। रूपचंद भीमनानी ने इस नियुक्ति का श्रेय डॉ. रमन सिंह को देते कहा कि उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हुए शहर की विद्युत संबंधित समस्याओं के निराकरण में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से यथाचित प्रयास करेंगे।

### ग्रामसभा आयोजित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न ग्राम स्वच्छता अभियान चलाकर चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में आदि सेवा पर्व शिविर का आयोजन किया गया।

---

## पुलिस ने नवरात्रि पर्व के दौरान चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** पुलिस अधिकारी एवं जवान डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर एवं दुर्गा पंडालों व गरबा आयोजनों में जाकर लगभग 3500 से अधिक लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया।




पुलिस के अनुसार जिले के विभिन्न थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान राजनांदगांव जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर एवं दुर्गा पंडालों और गरबा आयोजनों में पहुंचकर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया।

#### सतर्कता के उपाय समझाए

इस दौरान लगभग 3500 से अधिक आमजनों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फेक कॉल, ओटीपी शेयरिंग और संदिग्ध लिंक जैसे साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। लोगों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल और सतर्कता के उपाय समझाए गए। जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में पुलिस ने उपस्थित श्रद्धालुओं और आयोजकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित पाम्पलेट भी वितरित किए। जिसमें हेल्पलाइन नंबर और सावधानियों का उल्लेख किया गया है। राजनांदगांव पुलिस का यह प्रयास त्योहार के दौरान लोगों की सुरक्षा और साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से किया गया है।

## थमेंगे वाहनों के पहिये, 25 अक्टूबर से ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

### प्रदेशभर के 90 हजार ड्राइवर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर आगामी 25 अक्टूबर से स्टीयरिंग छोड़ो आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। ड्राइवर महासंगठन के लोगों ने आज शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर ज्ञापन दिया।

ड्राइवर महासंगठन द्वारा शहर में मोटर साइकिल रैली निकालते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की गई। संगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा कि अनिश्चितकालीन हड़ताल से पहले तीन बार ज्ञापन दिया जा चुका है। वहीं 1 अक्टूबर तक मांगे पूरी करने सरकार को समय दिया गया था, लेकिन सरकार ड्राइवरों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। इस वजह से अब 25 अक्टूबर से स्टीयरिंग छोड़ो आंदोलन करते अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की जाएगी।

#### संगठन की अन्य मांगे

ड्राइवर महासंगठन द्वारा अपनी तीन प्रमुख मांगों के अलावा ड्राइवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 20 लाख रुपए का मुआवजा विकलांगता पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा, 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का 10 प्रतिशत आरक्षण, राज्य में ड्राइवर के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी करने, 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेंशन राशि देने की मांग की गई है।

#### तीन प्रमुख मांग

प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, ड्राइवर के लिए सुरक्षा कानून आयोग का गठन करने की प्रमुख मांग रखी गई है। ड्राइवर महासंगठन द्वारा बताया गया कि प्रदेश में संगठन के 90 हजार से अधिक वाहन चालक हैं। जिसमें ट्रक, बस, टैक्सी शामिल हैं। जिसमें सभी हड़ताल पर रहेंगे।

### नादिया में ध्वजारोहण

**राजनांदगांव।** प्राचीन कबीर मठ धाम नादिया (खुज्जी) में संतश्री सत्येंद्र साहब शास्त्री धर्माधिकारी श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट समिति एवं समस्त ग्रामवासी कबीर मठ नादिया खुज्जी द्वारा 1 अक्टूबर को ध्वजारोहण सह दानवीर मंगतू ठाकुर पुण्य स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वज दाता घनश्याम साहू द्वारा प्रदान किया गया और उसे ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा शवेत धर्म ध्वजारोहण गुरु महिमा बीजक पाठ सत्संग भजन प्रवचन एवं सात्विक चौका आरती, शोभायात्रा पश्चात भंडारा कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यह जानकारी संतश्री सत्येंद्र शास्त्री धर्माधिकारी श्री कबीर मठ ट्रस्ट समिति नादिया द्वारा दिया गया।



## गुरू तेग बहादुर साहेब की शहीदी यात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिक्ख समाज के 9वें गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्ष पर छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा प्रदेशभर में शहीद यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का शुभारंभ राजधानी रायपुर से किया गया। यह यात्रा आज राजनांदगांव शहर पहुंची, जहां गुरुसिंह सभा सहित शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले गुरु तेग बहादुर साहेब के पराक्रम, सेवा, त्याग और उनकी शहादत को नमन करने और उनकी शहीदी गाथा को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा प्रदेशभर में निकाली जा रही है। पंज-प्यारों की अगुवाई में यह यात्रा शहर का भ्रमण करते गुरुद्वारा साहिब पहुंची। इस दौरान शहर के मानव मंदिर चौक में कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

#### दर्शन के लिए रखे गए अस्त्र-शास्त्र

शहीदी यात्रा समूह संगत की अगुवाई नगर-कीर्तन के साथ पहुंची। शहीदी यात्रा में पालकी साहेब के भीतर गुरुओं के अस्त्र-शास्त्र दर्शन के लिए रखे गए थे, जहां मत्था टेककर लोगों ने गुरु की शहादत को नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के लोग शामिल हुए।

#### हिन्द के चादर की उपाधि

यात्रा के आयोजन को लेकर सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर की उपाधि उन्हें हिंदुओं की रक्षा के लिए मिली थी। उन्होंने हिंदुओं की रक्षा के लिए अपने शीश कटा दिए। उन्होंने बताया कि यात्रा आज रायपुर से प्रारंभ होकर दुर्ग-भिलाई होते हुए राजनांदगांव पहुंची है। यात्रा का रात्रि विश्राम डोंगरगढ़ में होगा। वहीं कल यह यात्रा बेमेतरा से कबीरधाम होते हुए बिलासपुर, कोरबा, महेंद्रगढ़, अंबिकापुर, रायगढ़, बागबाहरा, धमतरी, भाटापारा, आरंग से नया रायपुर होकर रायपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 11 दिन की इस यात्रा के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार धर्म की रक्षा के लिए गुरुओं ने अपनी शहीदी दी थी।

## राजनांदगांव-डोंगरगढ़ को मिली नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की ओर से राजनांदगांव और डोंगरगढ़ को पर्यटन विकास की नई सौगात के तहत पर्यटन सूचना केंद्र मिला। 2 अक्टूबर को संध्या 6.30 बजे गौरव पथ स्थित चौपाटी विश्राम गृह के सामने आयोजित समारोह में राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ में नवनिर्मित सूचना केंद्रों का संयुक्त शुभारंभ और लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया।



छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने अपने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन में कहा कि इन सूचना केंद्रों की स्थापना से पर्यटकों को यात्रा मार्ग, ठहरने की सुविधा, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों तथा स्थानीय कला-संस्कृति की जानकारी सहज रूप से मिल सकेगी। यह पहल जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

आयोजन में पूनम शर्मा, सचिन गोलछा, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, खेमिन यादव, मोना गोसाई, मणिभास्कर, रेणु मेश्राम, लता महोबिया, माधुरी जैन, मंजू साहू, संगीता शुक्ला, सुधा पवार, अनीता फ्रांसिस, और सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी भी रही।

#### राज्य के पर्यटन विकास के लिए यह शुभ संकेत

डॉ. सिंह ने कहा कि टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने अध्यक्ष बनते ही अपने संक्षिप्त कार्यकाल में उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य के पर्यटन विकास के लिए यह शुभ संकेत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना से जिले सहित देशी-विदेशी पर्यटक छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी के साथ ही जिले की पर्यटन विशेषताओं से भी परिचित होंगे। अति विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन डोंगरे, पूर्व विधायक रामजी भारती व विनोद खांडेकर, महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की उपस्थिति रही।



**खबर संक्षेप**

### अमलीमालगी में भव्य जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीमालगी में शारदीय नवरात्रि मां दुर्गा उत्सव एवं विजयादशमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर शनिवार को रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक पं शिवकुमार तिवारी का जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट एवं पंडरिया के विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से 4 अक्टूबर शनिवार को ग्राम पंचायत अमलीमालगी पं शिवकुमार तिवारी द्वारा शानदार मनमोहक माता रानी की जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगा। जिस पर आसपास क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## दशहरा उत्सव: श्रीरामचंद्र के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है: भावना

- विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा, सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है: श्रीमती बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा के उपलक्ष्य में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मैदान में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया किया। इस आयोजन में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई और सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति तथा नगरवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सीमा कौशिक द्वारा भक्तिमय भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई, जिसमें हजारों की संख्या में नगर व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें और अधर्म पर धर्म व असत्य पर सत्य की जीत के इस महापर्व को भव्य रूप से मनाया।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी संबोधित करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि श्रीराम जी के आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं। विधायक भावना ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें अपने अंदर निहित अहंकार को दूर कर सबकी सेवा, सत्कार एवं भाईचारे के लिए प्रेरित करता है। आज प्रभु श्रीराम जी के आदर्शो और उनके मार्गो का अनुशरण करके हम पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि एवं नगरवासियों की खुशहाली के लिए निरतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहें हैं। वहीं विकास कार्यो और अधोसंरचन निर्माण जैसे कार्यो से पंडरिया विधानसभा को विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने हर संभव प्रयास कर रहें हैं। कांग्रेस के शासन में 5 वर्षो तक हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित रहा, विकास कार्यो के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ, काम के बदले कमीशन का खेल खुलेआम चला, जनता की सुविधाओं को दरकिनार किया गया, लेकिन जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाकर सुशासन का सूर्योदय किया जिसका प्रत्यक्ष परिणाम आज जनता के सामने है। अन्धकार से उजाले की ओर हमारा पंडरिया विधानसभा अग्रसर हुआ हैं जहां विकास कार्यो और जनता की सुविधाओं, जनहित की योजनाओं ने इसे समृद्ध बनाया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनपद सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी गण उपस्थित थें।



### श्रीराम का जीवन हर युग व हर समाज के लिए प्रासंगिक

उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन एक ऐसी मिशाल है, जो हर युग और हर समाज के लिए प्रासंगिक है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हर भूमिका, पुत्र, भाई, पति, राजा और योद्धा को पूर्ण निष्ठा और नैतिकता के साथ निभाया। उनके जीवन से हम सभी कर्तव्य-निष्ठा, न्याय और समानता, सहनशीलता और धैर्य एवं सामुदायिक एकता जैसे गुणों को अपनाकर शिक्षा और जागरूकता, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समरसत्ता एवं सुशासन स्थापित करने के लिए निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का सामूहिक प्रयास करें।

### दशहरा उत्सव सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का प्रतीक है। दशहरा, जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। यह वह दिन है जब प्रभु श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना की थी। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलते हुए, चाहे कितनी भी विपत्तियां आएं, अंत में विजय सत्य की ही होती है। रावण जो विद्या, शक्ति और वैभव में अतुलनीय था, अपने अहंकार और अधर्म के कारण परास्त हुआ। यह पर्व हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि हम अपने जीवन में उन बुराइयों, जैसे लालच, क्रोध, अहंकार का अंत करें और प्रभु श्रीराम के आदर्शो को अपनाएं। दशहरा केवल धार्मिक उत्सव तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक उत्साह का प्रतीक भी है।

**विसर्जन : श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने मां दुर्गा को दी नम आंखों से विदाई**

# शहर व क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विजयादशमी का त्यौहार जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। वहीं शुक्रवार की देर रात तक मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, जिसमें मुख्यालय स्थित भोजली तालाब, सकरी नदी व काली मंदिर तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाले जाने का सिलसिला सुबह से शुरू हुआ, जो देर रात तक चलाते रहा।

शहर की प्रतिमाएं तालाब तथा नदी-नहर में विसर्जित की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिमाएं संबंधित गांवों के तालाबों में विसर्जित की गई। जिसमें भव्य शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मां दुर्गा पंडाल समितियों द्वारा नगर की मुख्य गली-मोहल्ले तथा चौक चौराहों से होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचा। वहीं विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन किया गया। जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालु और भक्तों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई।

जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालु और भक्तों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई। वहीं भक्तजनों व क्षेत्रवासियों द्वारा 10 दिनों तक माता रानी की श्रद्धा-भक्ति के साथ विधि विधान से पूजा-अर्चना व जस-गीत झांकी से सेवा भाव की गई। जिससे शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि भक्तिमय वातावरण व देवी आराधना में श्रद्धालु भक्ति में डूबा रहा, वही शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन भजन-संकीर्तन व डीजे, गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते व झुमते हुए नदी, तालाबों में विसर्जन किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मां दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य गण उपस्थित थें। जिसमें ग्राम डबराभाट, बांझीमौहा, बीजाझोरी, राम्हेपुर कला, हरिनछपरा, सिंघनपुरी, नाऊडीह, दौजरी, जेवड़न खुर्द व आसपास क्षेत्र में श्रद्धालु व भक्तजनों ने मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी गई।



### क्षेत्र में हल्की तेज बारिश के बीच भक्तजनों ने माता रानी को नम आंखों से दी विदाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, कंझेटा, बसनी, घोरपेंड्री, पीपरमाटी, दामापुर क्षेत्र में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ नौ दिनों तक माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं नवमी व दशहरा पर्व के पश्चात शुक्रवार को शहर व क्षेत्रों में हल्की तेज बारिश के बीच माता रानी को नम आंखों से विदाई दी गई। जिसमें ग्राम कोलेगांव मां महामाया समिति, बूढ़ामहादेव समिति, शारदा समिति एवं बजरंग दल समिति द्वारा बड़ी धूमधाम से पटाखा व गाजा-बाजा के धून में नाचते-गाजे हुए माता रानी की जयघोष लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए चौक-चौराहों व गल्ली-मोहल्ले में माता रानी का विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र व घर-परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए भक्तजनों व क्षेत्रवासियों द्वारा नम आंखों से विदाई दी गई।

### जस-गीत व मांदर के थाप में माता रानी की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकाखण्ड़ पंडरिया अंतर्गत पेन्ड्री-कला में नवरात्रि पर्व के दसवें दिन शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन मां दुर्गा पंडाल व देवी-मंदिरों से जस-गीत व मांदर की थाप के साथ भव्य शोभा यात्रा निकालकर माता रानी की प्रतिमाएं विसर्जन किया गया। साथ ही साथ भक्तजनों द्वारा शारदीय नवरात्रि में तेल के 94 ज्योति कलश की स्थापना की गई थी, जिसमें भक्तजनो व श्रद्धलुओं द्वारा प्रथम दिन से लेकर विसर्जन तक माता रानी की सेवा-भक्ति की गई। वहीं पेन्ड्री कला में भक्तों द्वारा जोत-ज्वांरा टोकरियां में रखकर माता रानी को तालाब तक पहुंचाया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना व जस-गीत सेवा, नाचते गाते व झुमते हुए माता रानी को सभी भक्तजनों व श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी। जिस पर नगर भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा जोत ज्वांरा शोभा यात्रा का स्वागत व विधि विधान से पूजा-आरती कर की गई, वहीं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भक्तजनों द्वारा दर्जनों की संख्या में श्रद्धा-भक्ति के साथ शरीर के विभिन्न अंगों में सांग-बाना लेने वाले भक्त आकर्षक के केंद्र रहा। जोत-ज्वांरा का शोभा यात्रा नगर भ्रमण के साथ बजरंग चौक, पंचायत चौक, पटेल पारा होते हुए विसर्जन स्थल पर परंपरा अनुसार विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भक्तों ने विसर्जन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पवित्र जल में प्रवाहित कर नम आंखों से विदाई दी गई।



## क्षेत्र में असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्रामीण क्षेत्र कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में बुराई पर अच्छाई का जीत की प्रतीक दशहरा का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें समितियों द्वारा श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन व हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी व लीला-संवादों के साथ रावण वध कर पुतला दहन किया गया। वहीं समितियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा एक-दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। बताया जाता कि समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा प्रभु श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन व हनुमान जी महाराज की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर तिलक लगाकर व आरती उतार कर श्रीरामचंद्र भगवान का आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही साथ असत्य को त्याग कर सत्य का मार्ग पर चलना चाहिए, चाहे किसी भी परिस्थिति हो अच्छाई व धर्म का ही साथ देना चाहिए। जैसे अहंकारी रावण द्वारा सीता माता का हरण कर ले गया था, तब प्रभु श्रीरामचंद्र ने सत्य के मार्ग पर चलकर अहंकारी रावण का वध किया। तभी से लोग दशहरा पर्व रावण दहन कर असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व बड़ी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।



### महली में गांधी जयंती व स्वच्छता दिवस मना



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम महली में शिक्षक तुलस चंद्राकर के नेतृत्व मां दुर्गा समिति बैगा चौक के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा भारत मां और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बैग चौक और मां दुर्गा पंडाल के आसपास की सभी उपस्थित ग्रामीण जन द्वारा साफ-सफाई किया गया तथा एक स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही साथ शिक्षक तिलक चंद्राकर द्वारा एक प्रेरक कविता प्रस्तुत किया गया, जिस पर बच्चों द्वारा एक छोटा सा स्वच्छता पोस्टर के माध्यम से शानदार झांकी प्रस्तुति दी गई। वही लोगो को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं-पुरुष सहित ग्रामवासी उपस्थित थें।

**आदि कर्मयोगी अभियान के राज्य नोडल अधिकारी पहुंचे कवर्धा, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद**

## गांधी व शास्त्री जयंती पर वनांचल के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं, ग्रामीणों की आकांक्षाओं से तय होगा विजन-2030



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार का महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुंदूर वनांचल ग्राम पंचायत तितरी, बरेन्डा और खारा में महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के साथ नई दिशा में आगे बढ़ा। इन ग्राम पंचायत के ग्राम सभा मे भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस एवं भारत सरकार के ट्राईफेड के प्रबंध संचालक एम राज मुरूगन विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचे। विभिन्न ग्राम सभा में शामिल हुए और वर्ष 2030 तक के ग्राम विकास के कार्यो को आगे बढ़ाया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी योजना के लिए नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य के नोडल अधिकारी एवं भारत भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी एम राज मुरुगन से कवर्धा में मुलाकात कर स्वागत किया और आदि कर्मयोगी अभियान एवं योजना के प्रगति की विस्तृत जानकारियां दी। आदि कर्मयोगी अभियान के राज्य नोडल अधिकारी श्री मुरुगन ने जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तितरी, ग्रापं बरेंडा और ग्रापं खारा में आयोजित ग्राम सभा मे ग्राम विकास के लिए प्रस्ताविक कार्य-योजना का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ भारत सरकार से जिले के लिए नियुक्त श्रीमती विजय लक्ष्मी तारा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, आदिम जाति विकास विभाग से सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित इन सभाओं की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के तैलय चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। ग्राम सभाओं में अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल का रूप दिया और सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को सामने रखा जिनमें स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़क, प्राथमिक विद्यालयों की बेहतर व्यवस्था, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं, महतारी सदन निर्माण, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, नदी पर पुल निर्माण, निर्बाध बिजली और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रमुख रही। राज्य नोडल अधिकारी श्री मुरूगन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य है कि गांव की जरूरतें अब गांव वाले खुद तय करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम विजन योजना 2030 तैयार की जा रही है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत ढांचा और परंपराओं के संरक्षण जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की आकांक्षाओं को इस विजन योजना में जोड़ा जाएगाए ताकि गांव आत्मनिर्भर और विकसित बन सकें। उन्होंने बताया कि अभियान में केंद्र सरकार के 17 मंत्रालयों की 25 गतिविधियां सम्मिलित हैं। कबीरधाम जिले के 275 गांव इस योजना में शामिल किए गए हैं जिनमें बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर लोहारा के 7 और कवर्धा ब्लॉक का 1 ग्राम है।

## पीजी कॉलेज कवर्धा के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में सुक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक डॉ रिचा मिश्रा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय सुक्ष्मजीव दिवस के उपलक्ष्य में माइक्रोबायोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस प्रतियोगिता में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के प्रांगण में आयोजित की गई, प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिन्होंने बायोरेमिडीएशन विषय पर आकर्षक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता में छात्रा काजल झरिया एवं भावना कौशिक बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, अक्षय गुप्ता, अखिलेश्वरी साहू, स्नेहा महोबिया व निकिता रजक बीएससी तृतीय वर्ष की टीम ने द्वितीय स्थान एवं शीतल साहू, ममता एवं शिवकुमारी मरावी एमएससी प्रथम सेमेस्टर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में दीपक कुमार देवांगन सहायक प्राध्यापक सूक्ष्म जीव विज्ञान, खिलेश ठाकुर अतिथि व्याख्याता सूक्ष्म जीव एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने वृद्धाश्रमों में बांटे वस्त्र

**कवर्धा।** लायंस सेवा सप्ताह के दूसरे दिन आज 3 अक्टूबर शुक्रवार की शाम को दोनों वृद्धाश्रमों में 30 वृद्धजनों को फल बिस्किट वितरित किए। क्लब के कार्यकारिणी सदस्य बीपी शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर वितरण का पूरा व्यय स्वयं वहन किया। लायन सुशीला श्रीश्रीमाल ने वृद्धजनों को वस्त्र वितरित किए। ज्ञात हो कि हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक लायंस सेवा सप्ताह के तहत प्रतिदिन विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी के तहत गुरुवार 2 अक्टूबर को नवीन बाजार में दानी मेडिकल स्टोर के समक्ष ग्रामीणजनों नागरिकों को नेत्रदान महादान व नेत्र सुरक्षा जागरूकता का संदेश देते हुए एक हजार पैम्फलेट वितरित किए गए। सेवा सप्ताह के आगामी दिनों में जिला अस्पताल में फल बिस्किट वितरण, जरूरतमंद लोगों को फूड पैकेट वितरण, प्रमुख प्राथमिक शाला में न्योता भोज तथा मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने बताया सेवा सप्ताह लायंस इंटरनेशनल का सिग्नेचर प्रोग्राम है, जिसे पूरे विश्व के क्लब्स पूरी शिद्दत से मनाते हैं। इन कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न कराने में लायंस क्लब के सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

**हादसा:** कार सवार अन्य तीन लोग गंभीर, पंडरिया अस्पताल में भर्ती, पंडरिया-बजाग रोड में ग्राम रहमान कांपा के पास हादसा

# मऊ से राजिम जा रही कार सड़क हादसे का शिकार, राजिम के व्यवसायी दम्पत्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




ब्लाक मुख्यालय पंडरिया से महज 8-10 किलो मीटर दूर पंडरिया-बजाग मार्ग में शुक्रवार की तड़के एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में जहां राजिम के व्यवसायी दम्पत्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं कार सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना राहगीरों से मिलने के बाद मौके पर पहुंची पंडरिया पुलिस ने मृतकों का शव बरामद कर तीनो घायलों को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया है। वहीं कानूनी औपचारिकता के बाद मृतकों के शवों को उनके गृह ग्राम रवाना कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम छत्तीसगढ़ के निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू अपनी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू और अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार की तड़के मऊ मध्यप्रदेश से कार क्रमांक सीजी 5 एमयू 6853 में सवार होकर वापस राजिम लौट रहे थे। बताया जाता है कि श्री साहू की कार बजाग-पंडरिया मार्ग होते हुए आ रही थी। उनकी कार पंडरिया ब्लाक मुख्यालय से करीब 8-10 किलो मीटर पहले ग्राम रहमान कापा के पास पहुंची ही थी कि इसी दौरान कार चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और कार सीधे सड़क किनारे बनी एक पुलिया की कांक्रीट रैलिंग से जा टकराई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार कार कांक्रीट रैलिंग से इतने भीषण ढंग से टकराई की कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार राजिम के व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू की गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं कार सवार अन्य तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पंडरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे क्षतिग्रस्त कार से मृतकों के शवों तथा घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी मृतक के परिजनो को भी दी।

इस हृदय विदारक घटना को सुनने के बाद पंडिरया पहुंचे मृतक के परिजनो को कानूनी औपचारिका के बाद शवों को सौंप दिया गया वहीं घायलों का ईलाज अभी पंडरिया अस्पताल में ही जारी है।



### चालक को झपकी आने से हादसे की आशंका

ऐसी आशंका जताई जा रही है की यह भीषण सड़क हादसा कार चालक को झपकी आने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुआ है। क्योंकि कार चालक काफी लम्बी दूरी से कार चलाते हुए आ रहा था और हो सकता है कि सुबह के समय उसे झपकी आ गई हो। बहरहाल पुलिस दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।



### राजिम क्षेत्र में शोक की लहर

सड़क दुर्घटना में लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी साहू की मौत की खबर मिलते ही राजिम क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। मृतकों का अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उनके पैतृक ग्राम बम्हनी (लाफिन), जिला महासमुंद में किया गया। राजिम विधायक रोहित साहू ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# दुर्गोत्सव समितियों ने दुर्गा दाई को दी विदाई, किया विसर्जन

## समितियों ने गाजे-बाजे के साथ नगर व अंचल में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इस बार पूरे दस दिनो तक चले नवरात्र पर्व के दौरान महाअष्टमी पर हवन पूजन पश्चात धूमधाम से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। हालांकि ग्रामीण अंचलों में प्रतिमाओं का विसर्जन अष्टमी के बाद से ही प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन जहां तक कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां दशहरा उत्सव के दूसरे दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शुक्रवार को सुबह से प्रारंभ हुआ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलते रहा। प्रतिमा विसर्जन करने निकली नगर की दुर्गोत्सव समितियों ने सुबह से ही खुले वाहनो की आकर्षक ढंग से सजा, धजा कर मां जगत जननी की झांकी निकालना शुरूकर दिया था। बैंड बाजे, डीजे साऊंड की धुन पर थिरकते हुए समिति सदस्यों ने आतिशी धमाकों के बीच विधिवत पूजा अर्चना पश्चात प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय सकरी नदी, सरोधा जलाशय, भोरमदेव सहित दूसरे जलाशयों में किया। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष नगर की कई दुर्गोत्सव समितियों द्वारा क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर मां के नौ रूपों की प्रतिमाओं की स्थापना भव्य साज सज्जा के साथ पूरी आस्था और श्रद्धा से की थी। कुछ समितियों ने जीवन्त झांकियां भी रखी थी। पर्व के मौके पर झांकिया देखने भारी भीड़ उमड़ती रही। पिछले दस दिनों से नगर में स्थापित इन दुर्गा प्रतिमाओं को शुक्रवार की सुबह से ही सजे, धजे वाहनों में बिठाकर जलाशयों तक ले जाते देखा गया। विसर्जन के लिए प्रतिमाओं को ट्रक, ट्रेक्टर, मेटाडोर पर सवार कराया गया और बाजे, गाजे तथा डीजे साऊन्ड लगाए गए। विभिन्न समितियों के विसर्जन शोभायात्रा के आगे, बाजे व डीजे साऊन्ड सिस्टम की धुनो पर युवाओं की अलमस्त टोलियां, नाचती, कूदती चल रही थी और गुलाल की बौछार की जा रही थी। विसर्जन यात्रा को प्रमुख रूप से ठाकुर पारा, ऋषभ देव चौक, महावीर स्वामी चौक, आजाद चौक, गुरूनानक गेट, इंदिरा चौक, नवीन बाजार चौक, वीर स्तम्भ चौक, शिवाजी चौक, करपात्री चौक, राजमहल चौक, अम्बेडर चौक, पुरानी कचहरी, शीतला चौक आदि स्थानों से भ्रमण कराया गया तथा सकरी नदी व अन्य जलाशयों में प्रतिमाएं विसर्जित की गई। विसर्जन के दौरान दुर्गा मैया का जयकारा करते हुए दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों, नागरिकों व श्रद्घालु बड़ी संख्या में मौजूद थे। विसर्जन का सिलसिला रात तक चलते रहा। किसी भी अनहोनी से निपटने शहर में सुरक्षा के कड़े बन्दो बस्त किए गए थे। कवर्धा की ही तरह पिपरिया, बोड़ला, स. लोहारा, पंडरिया, पाण्डातराई, कुण्डा सहित आदि स्थानो म शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का स्थानीय जलाशयों में विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# प्रदेश के कई जिले सहित कवर्धा में भी भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कहने को तो यह अक्टूबर का महिना चल रहा है लेकिन कबीरधाम जिले में अभी भी वर्षा ऋतु बिफराई हुई है। जिसके चलते कवर्धा सहित अंचल के कई ईलाकों में इन दिनो झमाझम बारिश हो रही है। कवर्धा की ही बात की जाए तो यहां बीते गुरूवार की शाम से लगातार रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है। गुरूवार की शाम एन रावण दहन के पूर्व अचानाक बदले मौसम के बीच तेज गर्जना के साथ शुरू हुई भारी बारिश शुक्रवार को भी पूरे दिन होते रही। गुरूवार की शाम को हुई तेज बारिश के चलते जहां कवर्धा सहित अंचल का दशहरा उत्सव प्रभावित रहा वहीं शुक्रवार को लगभग पूरे दिन हल्की तेज बारिश के कारण दुर्गोत्सव समितियों को विसर्जन कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां बताना लाजिमी होगा कि मौसम विभाग ने कवर्धा जिले सहित प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के भीतर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रायपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद के साथ ही कबीरधाम (कवर्धा) जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और निचले इलाकों में सावधानी बरतने की सलाह दी है।



## नवोदय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय ज्ञान, पारंपरिक विज्ञान और जीवनशैली की गहन समझ प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर स्थित मुक्तांगन एवं जनजातीय संग्रहालय का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक यात्रा में विद्यार्थियों ने मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक जीवनशैली को करीब से जाना। यहां प्रदर्शित पारंपरिक घर, कृषि तकनीक, जल संचयन की विधियां, औजार और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग देखकर छात्र-छात्राओं ने समझा कि हमारे पूर्वजों की जीवनशैली विज्ञान-आधारित और स्थायी विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत प्रासंगिक थी। इसी प्रकार जनजातीय संग्रहालय में विद्यार्थियों ने पारंपरिक औषधियों, वनस्पतियों के उपयोग, वर्षा जल संचयन, जैविक खेती और पारंपरिक निर्माण तकनीकों के माध्यम से यह जाना कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे समाज और संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों में न केवल सांस्कृतिक चेतना का विस्तार किया, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी प्रबल किया। छात्रों ने अनुभव किया कि विरासत से विकास का तात्पर्य अतीत की सराहना के साथ-साथ उसमें छिपे स्थायी विकास और वैज्ञानिक सोच को वर्तमान जीवन में अपनाना भी है।

# कौशल विकास से लेकर स्वच्छता सेवा तक विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पंडरिया, लोरमी रोड ग्राम मोहताराखुर्द में प्रशिक्षण एवं कौशल विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 एवं 26 सितम्बर को विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

24 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अप्रेंटिसशिप पोर्टल में पंजीयन एवं अपडेट, इंडिया स्किल कॉम्पीटिशन में पंजीयन, आगामी राज्य स्तरीय रोजगार मेला कैंप के लिए पंजीयन, प्रोत्साहन एवं साक्षात्कार प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई।

इस अवसर पर संस्था के अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रशिक्षणरत युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं और अवसरों के अनुरूप तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कौशल विकास से जुड़े विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही 26 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली।

संस्था परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया गया। इन सभी कार्यक्रमों में संस्था के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षणरत एवं भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल युवाओं में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी मजबूती मिली।

## दुर्गा दाई को विदाई...



**कवर्धा।** पूरे ग्याहर दिन मां दुर्गा की भक्ति भाव से अराधना करने के बाद शुक्रवार को मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति कैलाश नगर कवर्धा के सदस्यों द्वारा नम आंखो से दुर्गा दाई को विदाई दी गई।

**पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य परीक्षण व कार्यशाला का भी आयोजन**

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह, स्वास्थ्य परीक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें जिलेभर से आए लगभग 300 वरिष्ठ नागरिकों को साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव सियाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मुख्य अतिथियों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए और नशा मुक्ति का संदेश देते हुए उपस्थित सभी को शपथ दिलाई। कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के मार्गदर्शन में यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और उनके सामाजिक योगदान की सराहना का प्रतीक बनकर सामने आया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, पार्षद योगेश चन्द्रवंशी, हरीश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से योगेन्द्र सिंह गहरवार, दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के अधीक्षक देवकुमार कौशिक, रेडक्रॉस सोसायटी के जिला समन्वयक बालाराम साहू, व्याख्याता एवं स्काउट मास्टर हेमधर साहू, डीओसी अजय चन्द्रवंशी सहित चारों जनपद पंचायतों के समाज शिक्षा संगठक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मानजनक वातावरण का निर्माण करना, उन्हें शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा युवा पीढ़ी में अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नशामुक्ति संदेश सहित विविध गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को न केवल सम्मान मिला बल्कि उन्हें स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी उपयोगी जानकारियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने वरिष्ठ नागरिकों को उपयोगी मार्गदर्शन दिया।

डॉ. रोशनी पटेल ने दांतों की देखभाल, श्रीमती अनुपमा तिवारी ने व्यय वंदन कार्ड योजना, डॉ. क्षमा चोपड़ा ने नेत्र देखभाल पर जानकारी दी। तरुण सिंह ठाकुर ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के बारे में बताया। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पण्डा ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# तालाब में डूब रहे ग्रामीण की पुलिस जवान ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा थाना अंतर्गत ग्राम मजगांव में शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी व एक अन्य ग्रामीण ने साहस का परिचय देने हुए तालाब में डूब रहे व्यक्ति की जान बचाई है। जानकारी के मुताबिक 03 अक्टूबर की दोपहर लगभग 03 बजे ग्राम मजगांव के तालाब में दुर्गा विसर्जन के दौरान ग्राम मजगांव निवासी रमेश पटेल पिता गिरधारी पटेल आयु 38 वर्ष तालाब में तैरते हुए अचानक बीच तालाब में फंस गए। बताया जाता है कि उनकी धोती दोनों पैरों में उलझ जाने के कारण वे तैर नही पाने में असमर्थ हो गए और गहरे पानी में डूबने लगे। इसी दौरान स्थिति को भांपते हुए पिपरिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक देवा चंद्रवंशी एवं उनके सहयोगी दीपक चंद्रवंशी ने तत्काल साहस का परिचय देते हुए तालाब में कूदकर डूब रहे व्यक्ति को बाहर निकाला और उनकी जान बचाई। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और साहसिक कार्य से एक गंभीर हादसा टल गया और ग्रामीण की जान बच गई। जिसकी सभी ने प्रशंसा की है।